अंग्रेज़ी माध्यम में पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ

drishtiias.com/hindi/printpdf/pre-primary-classes-in-english-medium

चर्चा में क्यों?

23 अक्तूबर, 2021 को प्रदेश के शिक्षा मंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने प्रदेश के महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन किये जाने का निर्देश दिया।

प्रमुख बिंदु

- शिक्षा मंत्री ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री की बजट घोषणा की अनुपालना में प्रथम चरण में 33 ज़िला मुख्यालयों पर संचालित महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों में इसी सत्र से पूर्व प्राथमिक कक्षाएँ शुरू की जाएंगी। शीघ्र ही ब्लॉक स्तर पर भी इसका विस्तार किया जाएगा।
- पूर्व प्राथमिक शिक्षा कार्यक्रम की अवधि 3 वर्ष की होगी, जिसमें 3 वर्ष या उससे अधिक आयु के बच्चों को प्रवेश दिया जाएगा। प्रत्येक खंड में विद्यार्थियों की संख्या 25 होगी।
- इन कक्षाओं के लिये विद्यालयों हेतु शिक्षकों का चयन वर्तमान में कार्यरत् लेवल 1 अध्यापकों में से वॉक इन इंटरव्यू के द्वारा किया जाएगा।
- डोटासरा ने कहा की पूर्व प्राथमिक कक्षाओं में आरएससीईआरटी द्वारा विशेष रूप से तैयार पाठ्यक्रम लागू किया जाएगा। ये कक्षाएँ प्रतिदिन 4 घंटे तथा सप्ताह में पाँच दिन संचालित होगी।
- उन्होंने बताया कि पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन महात्मा गांधी अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालयों के वर्तमान भवन में किया जाएगा। अतिरिक्त कक्षा कक्ष की आवश्यकता होने पर विद्यालयवार अलग से भवन निर्माण किया जाएगा।
- उल्लेखनीय है कि शिक्षा विभाग के इस आदेश के क्रियान्वयन के साथ राजस्थान अंग्रेज़ी माध्यम में राजकीय विद्यालयों में पूर्व प्राथमिक कक्षाओं का संचालन करने वाला वर्तमान में देश का एकमात्र राज्य बन गया है।